उपलब्धि: यूजी के 94% और पीजी के 50% विद्यार्थियों को मिला ऑफर

# 110 कंपनियों ने जताया आइआइटीयन पर भरोसा, 56 लाख रहा अधिकतम पैकेज

इंदौर @ **पत्रिका.** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) इंदौर में इस सत्र में 110 कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट के लिए आईं। उच्चतम घरेलू पैकेज 56 लाख रुपए ऑफर किया, जबकि उच्चतम अंतरराष्ट्रीय पैकेज 7.39 येन (करीब 46 लाख रुपए) जापान की कंपनी ने ऑफर किया है। प्लेसमेंट प्रक्रिया अभी अंतिम दौर में है। आइआइटी के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. अभिषेक राजपूत ने बताया, आइआइटी इंदौर में कोविड के दौरान भी अच्छी संख्या में प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिले थे। वर्तमान में चल रहे प्लेसमेंट में भी कंपनियां आइआइटीयन को पसंद के सेक्टर में अच्छे पैकेज दे रही हैं।

## 30 कंपनियां पहली बार आईं

आइआइटीयन पर भरोसा जताने वाली कंपनियों में डेशॉ, रेजरपे, ओरेकल, अमेजन, जियो प्लेटफॉर्म्स, वॉलमार्ट, सीमेंस, गोल्डमैन सैक्स, इन्फर्निया प्रमुख हैं। इंटरनेशनल कंपनियों में राकुटेन मोबाइल इंक, एक्सेंचर जापान, मनी फॉरवर्ड इंक. और चौगिकेन प्रा. लिमिटेड शामिल थीं। कम्प्यूटर साइंस, आइटी, सॉफ्टवेयर, मशीन लर्निंग/डेटा साइंस डोमेन कोर प्रोफाइल रहे हैं। 30 कंपनियां ऐसी हैं, जो पहली बार आइआइटी में आई हैं। 30 मार्च तक यूजी के 94% और पीजी में 50% विद्यार्थियों को अपनी पसंद के सेक्टर की कंपनी में मौका मिला। इस बार का औसत पैकेज 23.5 लाख रुपए सालाना रहा है।